



# कोई भी पात्र हितग्राही मुआवजा से वंचित न रहे

## कलेक्टर ने बंडा परियोजना उलदन बांध एवं विस्थापन कॉलोनी का किया निरीक्षण, मुआवजा प्रकरणों का 15 दिवस में निराकरण करने के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. कोई भी पात्र हितग्राही मुआवजा से वंचित न रहे, शिविर लगाकर शेष बचे सभी मुआवजा प्रकरणों का 15 दिवस में करें निराकरण, 30 मई तक सभी प्रभावितों को विस्थापित करें.**

उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बंडा परियोजना उलदन बांध एवं विस्थापन कॉलोनी का निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए. कलेक्टर ने बंडा परियोजना उलदन बांध का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जावे जिससे कि जून माह में पूरी क्षमता के साथ बांध का जल भराव हो सके. उन्होंने जल भराव वाले ग्राम वासियों को पानारी स्थित विस्थापित कॉलोनी में तत्काल विस्थापित करने के निर्देश दिए. साथ में जल भराव वाले ग्राम वासियों से अपील की की 30 में के पूर्व सभी अपने-अपने ग्राम को छोड़कर नई विस्थापित की जा रही कॉलोनी में विस्थापित हों. उन्होंने कहा कि विस्थापित कॉलोनी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. कलेक्टर ने कहा कि विस्थापन कॉलोनी में आवास, पहुँच मार्ग, सड़कें, शुद्ध पेयजल, पाइपलाइन, विद्युतीकरण, नालियां, ड्रेनेज सिस्टम, सार्वजनिक शौचालय जैसी समस्त सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं. परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध आनंद ने बताया कि परियोजना की पुंनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग द्वारा रु. 3219.62 करोड़ की प्रदाय की गई है.

परियोजना अंतर्गत प्रेशराईज्ड पाईप प्रणाली से सागर जिले के बडा तहसील में 35253 हे., शाहगढ तहसील में 10675 हे., मालथौन तहसील में 16266 हे. एवं छतरपुर जिले के बक्सवाहा तहसील मे 13379 हेक्टेयर कमाण्ड क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है, परियोजना से 278 ग्रामों में कुल 80000 हेक्टेयर कमाण्ड क्षेत्र हेतु सिंचाई का जल प्रदाय किया जाना लक्षित है. बाँध की कुल जल ग्रहण क्षमता 313.07 मि.घ.मी. है जिसमे 412 ग्रामों को पेयजल हेतु 16.11 मि.घ.मी. एवं 1.018 मि.घ.मी. औद्योगिक क्षेत्र सौरई को. (कुल 17.128 मि.घ.मी.) आरक्षित किया गया है। परियोजना के बाँध का निर्माण कार्य 75 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। बाँध निर्माण कार्य जून-2026 मे पूर्ण किया जाना लक्षित है तथा पाईप प्रणाली की भौतिक प्रगति 45 प्रतिशत हैं. समस्त कार्य माह दिसम्बर-2026 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है. जिससे 278 ग्रामों को सिंचाई योजना से पेयजल एवं औद्योगिक क्षेत्र हेतु कुल 17.128 मि.घ.मी. पानी आरक्षित किया गया है. इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, एसडीएम श्रीमती आरती यादव, परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध आनंद, तहसीलदार मोहित जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

# खुरई क्षेत्र के किसान से हुई धोखाधड़ी

नवभारत न्यूज
(मुकेश कौशिक)

**खुरई 20 अप्रैल. खुरई देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बांगची निवासी सरजू उर्फ हरजू अहिरवार के साथ जमीन दिलाने के नाम पर 16 लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है.**

जानकारी के अनुसार सागर-खुरई मार्ग के समीप जमीनों के बढ़ते दामों को देखते हुए पीड़ित ने अपनी पुश्तैनी भूमि बेचकर अन्य स्थान पर सस्ती कृषि भूमि खरीदने की योजना बनाई थी ।.इसी दौरान एक रिश्तेदार के माध्यम से उसका संपर्क मालथौन निवासी रानू सिंघई से हुआ, जिसने उसे मालथौन क्षेत्र में एक आदिवासी की 4.69 एकड़ भूमि दिलाने का आश्वासन दिया और अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिलाया.



बताया गया कि रजिस्ट्री, अनुमति और दलाली के नाम पर कुल 16 लाख 50 हजार रुपये की राशि तय हुई, जिसे आरोपी द्वारा अलग-अलग किश्तों में चेक और नकद के माध्यम से प्राप्त किया गया. आरोप है कि अंतिम भुगतान के बाद आरोपी ने संपर्क समाप्त कर दिया. जब पीड़ित जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो संबंधित आदिवासी भूमि स्वामी ने स्पष्ट किया कि उसे कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है और उसने भूमि की रजिस्ट्री से इंकार कर दिया, इसके बाद पीड़ित ने आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसे वहां से भगा दिया गया. मामले की शिकायत विधायक भूपेंद्र सिंह को दी गई. जांच में मामला सही पाए जाने पर खुरई देहात थाने में प्रकरण दर्ज किया गया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया, जो लगभग आठ माह तक जेल में रहा और बाद में उच्च न्यायालय से जमानत पर रिहा हुआ. बताया जा रहा है कि जमानत के बाद आरोपी द्वारा भोपाल जाकर राजनीतिक परिस्थितियों का लाभ उठाने और प्रशासन पर दबाव बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं. इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र के अन्य संभावित पीड़ितों द्वारा भी शिकायतें किए जाने की जानकारी मिल रही है, जिससे पूरे प्रकरण की व्यापकता को लेकर प्रश्न खड़े हो रहे हैं.

# जलापूर्ति को लेकर नपा में बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. नगर पालिका परिषद मकरोनिया में जल आपूर्ति की समस्या को देखते हुए नपा अध्यक्ष अहिरवार की अध्यक्षता में सीएमओ, एमपी यूडीसी अधिकारीयो, एवं टाटा प्रोजेक्ट ग्रुप अधिकारी की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में नगर पालिका परिषद मकरोनिया के समस्त वार्डों में आ रही जल आपूर्ति की समस्या का जल्द निदान करने के अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए. बैठक में प्रमुख रूप से 22 बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें प्रमुख रूप से वार्डो में कई स्थानों पर पानी न पहुंच पाना, पानी के लीकेज की समस्या, खोदी गई रोड का रोड रेस्टोरेशन, वार्डो में गंदे पानी की समस्या एवं जल कर वसूली के लिए उपभोक्ताओं की बनाई जा रही आई डी आदि विषयो पर चर्चा हुई. जिसमें अध्यक्ष एवं सीएमओ पवन शर्मा के द्वारा इस प्रकार की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए गए. अध्यक्ष श्री अहिरवार ने कहा ग्रीष्मकाल को देखते हुए किसी भी प्रकार की पानी की समस्या ना हो इसलिए इस बात का ध्यान रखते हुए वार्डों में जल की पूर्ति की जाए.

## समिति सदस्य मनोनीत

**सागर.** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में पदस्थ डॉयरेक्टर ऑफ एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में शोध उपाधि समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कुलपति द्वारा शोध उपाधि समिति सदस्य के रूप में नामित प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत का कार्यकाल दो वर्ष रहेगा. उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर राजपूत देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अनेक समितियों के सदस्य हैं.

# सीएम के आगमन को लेकर समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित नरयावली प्रवास की तैयारियों को लेकर विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता एवं एसडीएम अमन मिश्रा की उपस्थिति में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

सांदीपनि विद्यालय नरयावली में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई. विधायक श्री लारिया ने निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें. बैठक के पश्चात विधायक श्री लारिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने सांदीपनि विद्यालय के समीप प्रस्तावित स्थल का भौतिक निरीक्षण किया. जनसमूह की बैठक व्यवस्था, मंच की सुरक्षा और आवागमन के रास्तों का जायजा लिया गया. मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए सांदीपनि विद्यालय के सामने चिन्हित स्थल पर तकनीकी मापदंडों की जांच की गई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नरयावली आगमन 23 अप्रैल को प्रस्तावित है. वे विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और जनसभा को संबोधित करेंगे.



# कालीनाथ झा विभागाध्यक्ष नियुक्त



नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. कालीनाथ झा को समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.**

विवि के सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक के लिए की गई है . प्रो. कालीनाथ झा ने विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है. इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. शिव शंकर जैना. डॉ. नंदी पटोदिया, डॉ. शाश्ना याम्सो, डॉ. अमरमणि त्रिपाठी, ब्रजेन्द्र कुर्मी सहित विभाग के शोधार्थी उपस्थित रहे.

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में दी बेटियों को विदाई



नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें 51 जोड़े वैवाहिक परिणय सूत्र में बंधे.**

इस अवसर पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत तथा उनके पुत्र युवा शक्ति संगठन अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत ने शुभकामनाएं दीं. समारोह के दौरान सविता सिंह राजपूत ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बेटियों को विदाई दी. इस अवसर पर आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि यह योजना उन गरीब एवं जरूरतमंद अभिभावकों की चिंता को दूर करती है, जो अपने बच्चों के विवाह को लेकर आर्थिक रूप से परेशान रहते हैं. इस दौरान उन्होंने बताया कि नवविवाहित 51 जोड़ों को श्रीमती राजपूत द्वारा भेंट स्वरूप गृहस्थी के उपयोगी उपहार भी प्रदान किए गए. कार्यक्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित की. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामबाबू सिंह, धीरज सिंह, पप्पू तिवारी, दिलीप पटेल, सुरेंद्र चंचल, डॉ. हेमंत सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे.

# सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**रहली 20 अप्रैल. सरस्वती शिशु मंदिर में सार्वजनिक निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ पूर्व छात्र एवं गुणाकर शिक्षा समिति के द्वारा किया गया.**

प्याऊ खोलने का मुख्य उद्देश्य खेल मैदान में प्रतिदिन खेल अभ्यास करने वाले युवाओं को शीतल जल उपलब्ध कराना है. इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष शरद सराफ, स्वपना सराफ, यशवंत ठाकुर, यतेन्द्र समाधिया, मनीष मिश्रा, प्रफुल्ल सिंघई, प्रकाशचंद मिश्रा, सुशील जैन, रामस्वरूप विश्वकर्मा, हरिसिंह ठाकुर, प्रताप सिंह ठाकुर, शोभित जैन, साहित्य जैन मौजूद थे.

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ढाना में शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. 11 म.प्र. बटालियन एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 का आयोजन ढाना में किया जा रहा है.**

उपरोक्त शिविर का ऑपनिंग एड्रेस में कैम्प कमांडेंट कर्नल दुष्यंत शर्मा के द्वारा एनसीसी कैडेटों का परिचय लिया गया. इस शिविर के दौरान आने वाले स्पोर्टस शूटिंग एवं टीएससी, आरडीसी कैम्पों की तैयारी करवाई जा रही है. इस शिविर में सभी कैडेटों की जिज्ञासा को पूरा करने के लिये कठिन से कठिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें पीटी, योगा, ड्रिल, मैंप रीडिंग, फायरिंग के बारे में गहराई से जानकारी दी जा रही है. ड्रिल में सलामी शस्त्र, गार्ड माउंटिंग और राजपथ के लिये मार्चिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों को एनसीसी गतिविधियों के अलावा खेलकूद के बाद व्यक्तिगत साफ-सफाई और नैतिक एवं प्रेरणादायक विषयों के बारे में व्याख्यान दिया जा रहा है. इस प्रशिक्षण शिविर में आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज, पीजी कॉलेज रहली, ज्ञानसागर कॉलेज, एपीएस, ज्ञानोदय विद्यालय, संदीपनी स्कूल रहली शामिल है.





# शाखा का शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद के मरु देवी संभाग की चंद्र प्रभु शाखा का शपथ विधि कार्यक्रम वर्णी वाचनालय में संपन्न हुआ.**

अध्यक्षता पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आशा जैन ने की. मुख्य अतिथि केंद्रीय संरक्षिका नूतन नाहर थी. विशिष्ट अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष विद्या चौधरी एवं मंजू जैन, प्रांतीय पदाधिकारी संध्या मलैया, सुगंधी, दीप्ति चंदेरिया, साक्षी जैन, ममता जैन, अंजू गोदरे सभी अतिथियों ने शुभारंभ किया. जिनवाणी स्थापना, संध्या रांधेलिया और शिवानी द्वारा की गई. मंगलाचरण की प्रस्तुति पूजा सिंघई एवं स्वाति जैन ने दी. अध्यक्ष डा. आशा जैन ने संभाग अध्यक्ष शिवानी सिंघई, अध्यक्ष ऋचा शाह,सचिव नीना शाह एवं कोषाध्यक्ष नीतू जैन को शपथ दिलाई. पदाधिकारी के रूप में प्रिया जैन, नीतू जैन, चेतना जैन, आरती, सरोज, मिल्की, रजनी , पूजा निधि स्वाति सौम्या,शालिनी ने शपथ ली.

## आयकर विभाग में चयन



**बीना.** होनहार छात्र इंद्रजीत सेन ने कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2837 हासिल की है. उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है. इंद्रजीत सेन, जो विजय सेन के पुत्र हैं विजय सेन पेशे से मैकेनिक है, इंद्रजीत का चयन इनकम टैक्स विभाग में ऑफिस सुपरिंटेंडेंट के पद पर हुआ है. इंद्रजीत का इससे पहले डाक विभाग में चयन हुआ था लेकिन उनका मन कुछ और बड़ा करने में लगा रहा. उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, समय का सही प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है. उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

# कन्या घर की लक्ष्मी और कुल का गौरव : श्री सिंह

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. सामूहिक विवाह विवेकपूर्ण समाज की पहचान है और समय की आवश्यकता है. इस सफल आयोजन के बाद क्षत्रिय महासभा अगले वर्ष के अक्षय तृतीया पर्व पर समाज की 101 कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित करेगा.**

यह उद्‌गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने अक्षय तृतीया के पर्व पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित कन्या विवाह समारोह-2026 में संबोधन में व्यक्त किए. जिले की क्षत्रिय समाज में इस तरह के इस पहले आयोजन में समाज की 18 कन्याओं का व्यवस्थाओं के साथ विवाह संपन्न हुआ. श्री सिंह ने परिवार सहित वर-वधु के पैर पाखरे क्षत्रिय महासभा की ओर से वरिष्ठ जनों ने सभी कन्याओं को 1 लाख 1 हजार की नगद राशि और अन्य उपहार सामग्रियां भेंट कीं. श्री सिंह ने कहा कि कन्या घर की लक्ष्मी और कुल का गौरव है. कन्यादान केवल एक रस्म नहीं, बल्कि माता-पिता द्वारा किया गया दुनिया का सबसे बड़ा त्याग है. इस आयोजन के लिए समाज जनों की ओर से सहयोग के रूप में 40 लाख रुपए की सहयोग राशि एकत्रित हुई है. क्षत्रिय समाज में सामूहिक विवाह की नई पहल हुई, अगली अक्षय तृतीया को समाज की 101 कन्याओं के विवाह का संकल्प लिया. वधुओं को सजाने और वर माला के लिए मंच पर लाने का काम क्षत्रिय महासभा की महिला विंग की अध्यक्ष प्रीति सिंह और उनकी टीम ने संभाला हुआ था. महासभा अध्यक्ष लखन सिंह के नेतृत्व में जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया था. संचालन अभिषेक सिंह गौर और राहुल सिंह चौरा ने किया.




# शिवालयों में भजन संध्या हुई

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 अप्रैल. सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष होने पर शिवालयों में भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि के क्रम में शिवालय बड़ा रघुनाथ जी मंदिर परिसर चौबयाना ललितपुर, शिवमंदिर सिचाई विभाग कॉलोनी महरौनी, पंचमुखी शिवमंदिर देवगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया.**

भारतीय सभ्यता की अदम्य भावना, अटूट श्रद्धा और सांस्कृतिक संकल्प के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अन्तर्गत श्रद्धालुओं को सोमनाथ मंदिर की यात्रा कराई जा रही है. जिसमें जनपद के 10 तीर्थयात्रियों एवं 01 नोडल अधिकारी श्री मदन मोहन गुप्ता, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) तालबेहट को इस यात्रा पर बस द्वारा भेजा गया है. तीर्थयात्रियों को बैज और कैप लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं सोमनाथ यात्रा के सम्बन्ध में बुकलेट एवं जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों का फोल्डर भेंट किया गया.

यात्रा का मुख्य उददेश्य सोमनाथ के गौरवशाली इतिहास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है. यात्रा को जनपद से हरी झंडी दिखाकर कैलाश निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती सोनाली जैन अध्यक्षा नगर पालिका परिषद, चन्द्रशेखर पंथ प्रतिनिधि श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री, श्रीकांत कुशवाहा उपसभापति सहकारी बैंक, अंकुर श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी ने किया था.

# वी क्लब रीजन सेवा सम्मान समारोह



नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया के डिस्ट्रिक्ट 323 जी2 रीजन 2 का सेवा सम्मान समारोह सिद्धि का आयोजन सम्पन्न हुआ.**

शुभारंभ अध्यक्ष वी संध्या केसरवानी की सभा प्रारंभ की घोषणा से हुआ. मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 323 जी 2 की संस्थापक एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी डॉ वंदना गुप्ता ने कहा महिला स्वयं में सर्वशक्तिमान है सभी अपने उस स्वरूप से परिचित होकर निरंतर समाज व राष्ट्र को आगे ले जाने में अपना बेहतर योगदान दें यही संस्था का उद्देश्य है. विशिष्ट अतिथि वी डॉ नम्रता फुसकेले ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी. सत्र 2026-27 की अध्यक्ष वी विनिता केशरवानी ने आगे पूर्ण सहयोग की अपील की. अध्यक्ष संध्या केसरवानी ने सेवा गतिविधियों के आधार पर सम्मानित किया. इसी दौरान विनीता केसरवानी, कंचन केसरवानी, शशि साहू, सविता साहू, सपना सिंह, कंचन गुप्ता, पूनम मेवाती, नमिता सिंह डॉ. कृष्णा गुप्ता, पूनम गुप्ता, उमाकांति, लक्ष्मी केसरवानी, अर्चना पाराशर, रुक्मणी केसरवानी, गौरी केसरवानी, रोहिणी साहू, माया केसरवानी आदि मौजूद थीं.

# पुरा सम्पदा का अकूत भंडार

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 अप्रैल. बुंदेलखंड क्षेत्र वन, औषधीय पौधे, नदियाँ, विस्तृत विन्ध्याचल पर्वत श्रंखला, मैदानों, नदियों और झीलों से पारिस्थितिक तंत्र समृद्धशाली है जिस कारण यहां वन्यजीव भी पाए जाते हैं.**

इसके मध्य में बसा जनपद पुरातात्विक, ऐतिहासिक धरोहरों से सिरमौर होने के साथ ही समृद्ध जैव विविद्यता में अग्रणी जनपदों की श्रेंणी में आता है. यहां की लोक कलाओं, सांस्कृतिक विरासतों में यहां के वातावरण और मिट्टी की खूशबू महसूस की जा सकती है. यहां 300 से अधिक प्रजातियों के पक्षी पाये जाते है. प्रमुख पक्षियों में सारस, बगुले, टिटहरी, मोर, कबूतर, उल्लू, तोता, नदी किनारे पाये जाने वाले विभिन्न जलपक्षी, किंगफिशर, बतख, ब्लैक ड्रोंगो, ग्रीन बी ईटर, कोयल, मानसूनी इंडिकेटर नौरंगा और चातक इत्यादि शामिल हैं. इस क्षेत्र में अर्जुन, तेंदू, गूंज, महुआ, जामुन, सेमल, नीम, बरगद, शीशम, बबूल, खैर, बेल, अर्जुन, शमी वर्ष, हरड़, अशोक, सहजन, अमलतास और पहाड़ी ढालों पर बांस के पौधे भी अधिकता में पाये जाते है. जंगल शेर, तेंदूआ, भेड़िया, भालू, जंगली बिल्ली, लकड़बग्घा पाए जाते हैं.

# उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया, निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अप्रैल. संचालित उपार्जन केंद्रों का राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है.**

खरीदी केंद्र भैसवाही का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र प्रभारी द्वारा टेंट, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिस पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया. किसानों की सुविधा के लिए छाया, बैठने की व्यवस्था तथा समय पर तौल प्रक्रिया को सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए. इसी प्रकार पामाखेड़ी समिति का निरीक्षण किया गया, जहां टेंट की व्यवस्था नहीं पाई गई. इस पर अधिकारियों ने समिति प्रभारी को तत्काल टेंट लगाने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. बीना अंतर्गत भानगढ़ खरीदी केंद्र का भी निरीक्षण किया. रामपुर, बीना-इटावा, पुरैना, बिलाखना एवं वेयरहाउस बिहरना स्थित खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया. निरीक्षण के दौरान तौल प्रक्रिया, भंडारण व्यवस्था तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई. बलेह केंद्र क्रमांक-2, चौरई वेयरहाउस चौरई तथा गढ़ाकोटा के खरीदी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया.

